संख्या–**cm-34**
**19/01/2026**

## मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के क्रम में सीतामढ़ी एवं शिवहर जिले में विभिन्न योजनाओं का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए निर्देश

पटना, 19 जनवरी 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के क्रम में सीतामढ़ी एवं शिवहर जिले में विभिन्न योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली और कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत बागमती नदी पर 70.89 करोड़ रूपये की लागत से मीनापुर–बेलसंड पथ में चंदौली घाट पर उच्च स्तरीय आर0सी0सी0 पुल एवं पहुँच पथ का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने बेलसंड प्रखंड के ग्राम पंचायत चंदौली में पीएमश्री हितनारायण प्लस टू उच्च विद्यालय में नक्षत्र वाटिका का उद्घाटन किया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने सीतामढ़ी जिले के बेलसंड प्रखंड अंतर्गत हितनारायण उच्च विद्यालय, चंदौली में आयोजित कार्यक्रम में रिमोट के माध्यम से कुल 554.12 करोड़ रुपये की लागत से 67 योजनाओं का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। जिसमें 208.12 करोड़ रुपये की लागत से 26 योजनाओं का उद्घाटन तथा 346 करोड़ रुपये की लागत से 41 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

मुख्यमंत्री ने हितनारायण इंटरस्तरीय विद्यालय, चंदौली के प्रांगण में लगाए गए विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सतत् जीविकोपार्जन योजना अन्तर्गत 386 लक्षित परिवारों को आर्थिक सहायता हेतु 1 करोड़ 19 लाख 84 हजार रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। साथ ही 4813 जीविका स्वयं सहायता समूह के 19 हजार 124 दीदियों को बैंक लिंकेज द्वारा आर्थिक सहायता हेतु 252 करोड़ रूपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से कहा कि आप लोग अच्छा काम कर रही हैं। हमलोग यही चाहते हैं कि आपलोग तरक्की करें और आगे बढ़ें, इसके लिए सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान कर रही है।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने शिवहर जिला अन्तर्गत बाबा भुवनेश्वरनाथ मंदिर, देवकुली मंदिर परिसर में 11.89 करोड़ रूपये लागत की पर्यटकीय सुविधा के विकास कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने देवकुली धाम परिसर में कराये गये विकास कार्य एवं सौंदर्यीकरण का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर स्थित तालाब के चारों तरफ सीढ़ी घाट बनाने के काम को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने देवकुली धाम परिसर स्थित बाबा भुवनेश्वर नाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री ने शिवहर में बुडको द्वारा निर्मित कमलेश्वरी नंदन सिंह बस पड़ाव निर्माण पथ का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित बस स्टैण्ड परिसर में आयोजित कार्यक्रम में रिमोट के माध्यम से कुल 59 करोड़ रुपये की लागत से 103 योजनाओं का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। जिसमें 42 करोड़ रुपये की लागत से 75 योजनाओं का उद्घाटन तथा 17 करोड़ रुपये की लागत से 28 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। बस पड़ाव परिसर में लगाये गये विभिन्न स्टॉलों का भी मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 15 करोड़ 1 लाख रूपये का चेक जीविका स्वयं सहायता समूह को

सांकेतिक चेक प्रदान किया। साथ ही 6509 जीविका स्वयं सहायता समूहों को बैंक लिंकेज के द्वारा आर्थिक सहयोग हेतु 125 करोड़ रूपये की राशि का सांकेतिक चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री उद्यमी योजनान्तर्गत 37 लाभुकों को 99 लाख 75 हजार रूपये का भी सांकेतिक चेक प्रदान किया।

निरीक्षण के दौरान जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद श्री संजय कुमार झा, सांसद श्रीमती लवली आनंद, सांसद श्री देवेशचंद्र ठाकुर, विधायक श्री सुनील कुमार पिंटू, विधायक श्री पंकज कुमार मिश्र, विधायक श्री रामेश्वर कुमार महतो, विधायक श्री अमित कुमार, विधान पार्षद श्रीमती रेखा कुमारी, विधायक श्री चेतन आनंद, विधायक श्रीमती श्वेता गुप्ता, विधान पार्षद श्रीमती रेखा कुमारी, विधान पार्षद वंशीधर ब्रजवासी, पूर्व सांसद श्री राम कुमार शर्मा, पूर्व मंत्री श्रीमती रंजू गीता सहित अन्य जन प्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, विकास आयुक्त श्री मिहिर कुमार सिंह, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव श्री संतोष कुमार मल्ल, पथ निर्माण विभाग के सचिव श्री पंकज कुमार पाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, आयुक्त, पटना प्रमंडल सह बुडको के प्रबंध निदेशक श्री अनिमेश परासर, बी0एम0एच0एस0आई0सी0एल0 के प्रबंध निदेशक श्री निलेश रामचंद्र देवड़े, तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त श्री गिरिवर दयाल सिंह, तिरहुत प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री चंदन कुशवाहा, सीतामढ़ी जिला के जिलाधिकारी श्री रिची पांडे, शिवहर जिला की जिलाधिकारी सुश्री प्रतिभा रानी, सीतामढ़ी जिला के पुलिस अधीक्षक श्री अमित रंजन, शिवहर जिला के पुलिस अधीक्षक श्री शुभांक मिश्रा सहित गणमान्य व्यक्ति एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

******